






## एक नजर में

### हायर सेकेंडरी स्कूल अफजलपुर एवं हाई स्कूल रिण्डा में निशुल्क साइकिल वितरण



**अफजलपुर/नाहरगढ।** मध्य प्रदेश शासन की छात्रहितैषी योजना के अंतर्गत गुर्जर बर्डिया मंडल क्षेत्र के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल अफजलपुर एवं शासकीय हाई स्कूल रिण्डा में छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम मे जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा, जिला उपाध्यक्ष जीवन शर्म एवं मंडल अध्यक्ष भेरूलाल सेन ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सरकार की यह योजना ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर अध्ययन करने व अपने माता-पिता एवं शिक्षकों का सम्मान करने तथा अपने उज्वल भविष्य के निर्माण हेतु निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री, मंडल उपाध्यक्ष रुघनाथ सिंह चन्द्रावत, मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र राठौर, जनपद सदस्य प्रतिनिधि डा सुभाष, पुर्व महामंत्री पप्पू पाटीदार, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह सिसोदिया, रिण्डा सरपंच श्याम दास बैरागी, दिनेश सोलंकी, मुकेश पाटीदार, सरपंच श्रीमती प्रीति प्रमोद भावसार, श्याम डांगी, आई टी सेल अमीत सेन, बुथ अध्यक्ष पर्वत धनगर स्कूल प्राचार्य शंकर लाल आंजना एवं रिण्डा स्कूल प्राचार्य तथा विद्यालय स्टाफ परिवार, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अभिभावगण एवं विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

### ग्रामीण विकास कार्य समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें : कलेक्टर



**मंदसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग ने गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में ग्रामीण विकास कार्यों एवं शासकीय योजनाओं की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को सभी विकास कार्य समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन सहित सभी जनपद पंचायतों के सीईओ एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक शौचालयों का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने, उनकी नियमित देखभाल तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल योजनाओं में गुणवत्तापूर्ण सामग्री के उपयोग, कचरा संग्रहण व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा संबंधित कार्मिकों को प्रशिक्षित करने पर भी जोर दिया। वीबी जीरामजी योजना की समीक्षा के दौरान पात्र श्रमिकों की ई-केवाईसी शीघ्र पूर्ण करने तथा उन्हें नियमित रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में 15वें वित्त आयोग से स्वीकृत अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने, कर वसूली बढ़ाने, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों एवं नालियों की सफाई को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए गए। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की समीक्षा में बताया गया कि अपूर्ण 352 आवासों के हितग्राहियों को नोटिस जारी किए गए हैं। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

## भक्ति और उल्लास के साथ निकली जगन्नाथ रथयात्रा

▸ जहाँ भक्ति होती है, वहाँ आनंद स्वयं उपस्थित हो जाता है



**मन्दसौर।** सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई, संजीत मार्ग, मंदसौर में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की पावन रथयात्रा अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे मुन्ने भैया-बहिनों ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा का मनमोहक स्वरूप धारण कर सभी का मन मोह लिया।

विद्यालय परिसर में सुसज्जित रथ पर भगवान की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समिति परिवार, आचार्य परिवार एवं विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की। वातावरण भगवान जगन्नाथ के जयघोष, भजन-कीर्तन एवं भक्तिमय संगीत से गुंजायमान हो उठा। रथयात्रा के उपरांत विद्यालय परिसर स्थित मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा का विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन किया गया। पूजा सम्पन्न होने के पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया। इस पावन आयोजन ने विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्था एवं सनातन परंपराओं के प्रति श्रद्धा और संस्कारों का संदेश प्रदान किया।

### भाजपाइयों ने स्वागत किया

**मंदसौर।** भगवान श्री जगन्नाथजी की रथयात्रा कल मंदसौर नगर में निकली इस रथयात्रा का खानपुरा सत्संग भवन के पास खानपुरा मेन रोड़ पर भाजपा के जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा के नेताओं के द्वारा स्वागत पुष्पवर्षा कर किया गया। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, पूर्व मंत्री कैलाश चावला, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मदनलाल राठौर, नानालाल अटोलिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील जैन महाबली, जगदीश गुर्जर ढिकोला, जिला महामंत्री महेश जुनवाल, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, उपाध्यक्ष नम्रता चावला, नपा सभापति दीपमाला मकवाना, पार्षद रेखा सोनी, भारती पाटीदार, भाजपा नेता शिवनारायण गुर्जर, महिला नेत्री प्रीति रोखले, समाजसेवी राजेश सोनी ऐरावाला ने स्वागत किया।

## नपाध्यक्ष गुर्जर ने नपा के जल स्त्रोतों का निरीक्षण किया

**मंदसौर।** आगामी समय में नगर में नागरिकों को उनकी आवश्यकता के अनुसार पेयजल मिले इसके लिये नगर पालिका परिषद निरंतर प्रयत्नशील है। नगरपालिका का जल प्रदाय अमला निरंतर प्रयास कर रहा है कि नपा के जल स्त्रोतों में पानी की उपलब्धता बनी रहे।

कल नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने चन्द्रशेखर आजाद जलाशय (मिर्जापुरा बांध) का निरीक्षण किया और शिवना नदी के ऊपरी हिस्से से यहां लाये गये पानी की उपलब्धता को देखा। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर के साथ इस अवसर पर जलकार्य सभापति निलेश जैन, जलकार्य समिति सदस्यगण श्रीमती सुनीता गुजरिया, कमलेश सिसौदिया, श्रीमती सुनीता भावसार, गोवर्धन कुमावत, पार्षद प्रतिनिधि नंदलाल गुजरिया, राकेश भावसार एवं नपा जलप्रदाय शाखा के कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

नपाध्यक्ष गुर्जर को अवगत कराया गया कि शिवना नदी के ऊपरी छोर से आजाद जलाशय की ओर पानी लाया गया है वहां से 6 मोटरे लगाकर पानी रामघाट की ओर भेजा जा रहा है। नगर पालिका का अमला 24 घण्टे प्रथम रहकर जलप्रदाय व्यवस्था के कार्य में लगा है मोटरे लगाकर पानी को आगे की ओर लिफ्ट किया जा रहा है ताकि जलप्रदाय व्यवस्था के लिये नगर के नागरिकों को पानी मिल सके। यह उल्लेखनीय है कि पर्याप्त वर्षा नहीं होने तथा शिवना नदी के ऊपरी हिस्से में बारिश नही होने के कारण शिवना नदी में पानी की उपलब्धता कम है।

## ताइक्वांडो कलर बेल्ट परीक्षा का प्रथम चरण में खिलाड़ियों ने दिखाया अनुशासन और समर्पण



**मन्दसौर।** ताइक्वांडो कलर बेल्ट परीक्षा 2026 का प्रथम चरण मध्य प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन एवं डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो एसोसिएशन मंदसौर के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इसमें एसीडी मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स क्लब के 28 एलिजिबल खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन किया। परीक्षा का संचालन परीक्षक श्री विशाल सिंह सिसोदिया (ब्लैक बेल्ट सेकंड डैन) द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन मंदसौर के सचिव निलेश सोनी की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और सफल आयोजन के लिए बधाई दी। एसीडी मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स क्लब के हेड कोच आदित्य चनाल अपने खिलाड़ियों के साथ परीक्षा में उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों ने परीक्षा के लिए लंबे समय तक नियमित अभ्यास, अनुशासन और समर्पण के साथ तैयारी की थी.

## रक्तदान दायित्व नहीं अनजान जीवन को बचाने का संकल्प है : पाटीदार

**मंदसौर। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा मंदसौर द्वारा दलौदा कृषि उपज मंडी परिसर, दलौदा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराना था।**

शिविर में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव एवं एसडीएम शुभम पाटीदार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा, 'रक्तदान केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि किसी अनजान जीवन को बचाने का सबसे बड़ा मानवीय संकल्प है। एक यूनिट रक्त कई जिंदगियों में उम्मीद की नई रोशनी भर सकता है।




शिविर में 25 युवाओं ने भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर स्वैच्छिक रक्तदान करने का संकल्प लिया, जबकि 21 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्तदान शिविर में ब्लड बैंक ऑफिसर डॉ. सौरभ शर्मा, ब्लड बैंक काउंसलर रामगोपाल पाटीदार, लैब टेक्नीशियन प्रवीणा मैडम एवं खुशी दुबे मैडम सहित मेडिकल टीम ने रक्त संग्रहण का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से पुरुषोत्तम भट्ट (प्रबंधक), प्रियंका राजोरा (अधीक्षक, वात्सल्य धाम), तनिष्का सिसोदिया कंप्यूटर ऑपरेटर, गोवर्धनलाल राठौर, मुकेश सोनी (कंपाउंडर), कपिल श्रीवास्तव (वाहन चालक) सहित रेड क्रॉस सोसाइटी के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विजय मेहता, विकास सुराना, सुमित सेन, हेमंत धनोतिया, दिनेश पवार, अजय राठौड़, जितेंद्र राठौर, अनिल कैथवास, प्रहलाद पाटीदार, सौरव राठी, विशाल सैन, सुरेश चौधरी, प्रदीप पलोड़, दीपक जैन, मनोज प्रजापत, महेंद्र जैन, आशीष जैन, हेमंत सिसोदिया, बलदेव पाटीदार, वीरेंद्र जैन, वरुण धनगर, राजेंद्र जैन, पंकज शर्मा, लालाभाई एवं सचिव पर्वत सिंह आंजना उपस्थित रहे।

## आचार्य श्री अशोक सागर सूरिश्वर जी का नाकोड़ा नगर में हुआ आगमन

**मंदसौर।** आचार्य श्री अशोक सागर सूरिश्वर जी म.सा. का कल गुरूवार को नाकोड़ा नगर में आगमन हुआ। आचार्य श्री अशोक सागर जी म.सा. ने 4 अन्य जैन आचार्यो, जैन संतो एवं साध्वियो के साथ नाकोड़ा नगर में पहुँचकर धर्मसभा की। राजेन्द्र रिसोर्ट में उनके आगमन पर विशाल धर्मसभा का आयोजन किया गया।

आचार्य श्री सागरचन्द्र सागर जी म.सा. ने प्रवचन में कहा कि जीवन में देव, गुरू, धर्म के प्रति श्रद्धा का होना जरूरी है। जीवन में श्रद्धा है तो सब कुछ है। एकलव्य ने अपने गुरू द्रोणाचार्य के प्रति श्रद्धा एवं धनुर्विद्या सीखी और विश्व में यश कमाया। यदि जीवन में श्रद्धा नहीं होगी तो हम उस मृग की भांति होंगे जो पानी की चाह में पूरे रेगिस्तान में दौड़ता है लेकिन उसे पानी नही मिल पाता। हमारा जीवन भी मृग की भांति नहीं होना चाहिये। आचार्य श्री सागरचन्द्र सागर जी म.सा. ने कहा कि चातुर्मास (वर्षावास) आस्था का उत्सव है।



वर्षावास में हमारी ज्ञान, तप, अनुष्ठान की साधना मजबूत हो ऐसा हमें प्रयास करना चाहिये राजा कणिक के पास सामायिक, प्रतिक्रमण, स्वाध्याय नहीं था लेकिन उनकी प्रभु महावीर के प्रति अटूट श्रद्धा थी जीवन में श्रद्धा को इतनी बुलंद बनाये रखना जरूरी है जीवन में भगवान के प्रति अटूट श्रद्धा होना जरूरी है हम श्रद्धा के माध्यम से ही आगे बढ़ सकते है। आपने कहा कि आर्यरक्षित जैन तीर्थ पर जो हर वर्ष चातुर्मास हो रहा है इसका नाम आर्य जागरण रखा है आर्य का मतलब जैन दर्शन में आत्मा से है अर्थात आत्म जागरण का पर्व है चातुर्मास। मैं कौन हूँ यह विचार करे मुझे स्वयं को पहचानना है यदि हम वर्षावास में यह करेंगे तो हमारा जीवन सार्थक बनेगा। वर्षावास में हमें स्वयं को जानना है स्वयं को पहचानना है यह कार्य हम प्रवचन के माध्यम से कर सकते है। जिनवाणी को श्रवण कर आत्मा को परमात्मा से जोड़ सकते है। राग अस्थिर है उसे छोड़ो - राग अर्थात मोह कभी भी स्थिर नहीं होता है राग क्षणिक और अस्थिर प्रकृति का होता है इसलिये जीवन में कभी भी राग नहीं रखना चाहिये। जीवन में जो रिश्ते बनते है वे स्वार्थ से भरे है जब तक स्वार्थ है रिश्ते बने रहते है। स्वार्थ खत्म, रिश्ते खत्म। इसलिये जीवन में राग (मोह) मत रखो।

# नीमच

## एक नजर में

### नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

**नीमच।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) नीमच की 60वीं छमाही बैठक बुधवार को सीटीसी, सीआरपीएफ नीमच स्थित चंद्रशेखर आजाद भवन में उप महानिरीक्षक एवं नराकास अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में केंद्रीय सरकार के विभिन्न कार्यालयों, बैंकों एवं सार्वजनिक उपक्रमों के प्रमुखों तथा राजभाषा अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में नराकास सचिव के. सुंदरेसन ने 1 अक्टूबर 2025 से 31 मार्च 2026 की अवधि में सदस्य कार्यालयों द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रयोग एवं कार्यान्वयन की समीक्षा प्रस्तुत की। अध्यक्ष श्री प्रमोद कुमार सिंह ने समीक्षा के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन में कमियों की ओर संबंधित कार्यालयों का ध्यान आकर्षित करते हुए बेहतर कार्य करने वाले कार्यालयों की सराहना की। उन्होंने वर्ष 2026-27 के राजभाषा वार्षिक कार्यक्रम के लक्ष्यों को गंभीरता से पूरा करने का आह्वान करते हुए कहा कि हिंदी केवल हमारी राजभाषा ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक भाषा भी है। उन्होंने अधिकारियों से तकनीकी कार्यों को छोड़कर अधिकतम शासकीय कार्य सरल एवं व्यवहारिक हिंदी में करने का आग्रह किया। बैठक में ग्रुप केंद्र नीमच के कमांडेंट प्रमोद कुमार साहू, केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो नीमच के उपायुक्त निखिल कुमार गांधी, जिला चिकित्सालय की वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संसृति शर्मा, प्रथम बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी अमर सिंह चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अंत में उप कमांडेंट आशीष भटनागर ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

### कलेक्टर ने जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में दिए आवश्यक निर्देश

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित पेयजल योजनाओं एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने निर्देश दिए कि एकल ग्राम जल योजनाओं वाले ग्रामों में जलकर की प्रभावी वसूली सुनिश्चित की जाए। इसके लिए जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के समन्वय से ग्राम पंचायतों को जागरूक करते हुए अधिक से अधिक जलकर वसूली की जाए। उन्होंने नियमित जलकर वसूली एवं सुचारु पेयजल आपूर्ति करने वाली ग्राम पंचायतों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में मध्यप्रदेश जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समूह जल प्रदाय योजनाओं के अंतर्गत सभी स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में नल कनेक्शन का कार्य प्राथमिकता से शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि बच्चों एवं हितग्राहियों को स्वच्छ पेयजल की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके। कलेक्टर श्री चंद्रा ने जिले में संचालित औद्योगिक इकाइयों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों तथा अन्य बड़े जल उपभोक्ताओं द्वारा जल उपयोग एवं जलकर भुगतान की नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिए। साथ ही फैक्ट्रियों से निकलने वाले अपशिष्ट जल का नियमानुसार उपचार कर उसके पुन: उपयोग की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा इसकी निगरानी के लिए समिति गठित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने तथा जल संसाधनों के प्रभावी एवं सतत प्रबंधन के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## जनसमस्या निवारण शिविर में कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

▸ मौके पर ही कई समस्याओं का हुआ निराकरण, शेष प्रकरणों के समयबद्ध समाधान के दिए निर्देश

**नीमच।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से बुधवार को ग्राम पालसोड़ा, तहसील नीमच में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी सामूहिक एवं व्यक्तिगत समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर चंद्रा ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविरों का उद्देश्य प्रशासन को गांव तक पहुंचाकर नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान करना है। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा जिन प्रकरणों का मौके पर निराकरण संभव है, उनका तत्काल निराकरण किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।



शिविर में ग्रामीणों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ की कमी की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। इस पर कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने मंदसौर जिले स्थित इथेनॉल प्लांट से निकलने वाले अपशिष्ट जल के रेतम नदी में प्रवाहित होने से जल प्रदूषण, पशुओं की मृत्यु तथा आसपास के जल स्त्रोतों के प्रभावित होने की शिकायत भी की। इस पर कलेक्टर ने बताया कि एसडीएम नीमच द्वारा संबंधित इकाई को नोटिस जारी किया जा चुका है तथा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ग्राम में खेल मैदान की मांग पर कलेक्टर ने तहसीलदार को उपयुक्त शासकीय भूमि चिन्हित कर खेल मैदान हेतु आवंटन की कार्रवाई करने तथा वर्षा ऋतु के उपरांत आवश्यक कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने पालसोड़ा-चाल्दू मार्ग का उन्नयन, जैतपुरा से पालसोड़ा तक पक्की सड़क निर्माण, पालसोड़ा से मेलकी मेवाड़ मार्ग के शोल्डर सुधार, विद्यालय में शिक्षकों की पदस्थापना तथा बिना नंबर प्लेट एवं अवैध रूप से संचालित वाहनों पर कार्रवाई की मांग भी रखी। कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी मांगों का परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शिविर में शासन द्वारा संधारित मंदिरों तक पहुंच मार्ग, विद्युत प्रकाश व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, नीलगायों से फसलों को हो रहे नुकसान की रोकथाम तथा ग्राम में श्मशान भूमि की व्यवस्था संबंधी मांगें भी रखी गईं जिस पर कलेक्टर ने उचित कार्रवाई के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। पिपलिया गांव में ट्रांसफार्मर बदलने की मांग पर कलेक्टर ने विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन यंत्री को 31 जुलाई तक नया ट्रांसफार्मर स्थापित करने के निर्देश दिए। रेतम नदी पर निर्मित बांध की जर्जर स्थिति की शिकायत पर कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री को नवीन बांध निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए।

राजस्व संबंधी शिकायतों की सुनवाई करते हुए कलेक्टर ने रास्ता विवादों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों का यथासंभव आपसी सहमति से समाधान कराया जाए। साथ ही सीमांकन, नक्शा, खसरा, नामांतरण, रजिस्ट्री एवं अन्य राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित एसडीएम एवं राजस्व अधिकारियों को दिए।

ग्रामीणों की आधार संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर ने 25 जुलाई को ग्राम पालसोड़ा में विशेष आधार शिविर आयोजित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास के समक्ष ग्रामीणों ने गांव में हुई चोरी की घटनाओं तथा शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होने का विषय रखा। इस पर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारी को प्राप्त शिकायतों पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## इनरव्हील क्लब ने किया सेवा प्रकल्प, वर्षा में उपयोगी बरसाती किये वितरित

**नीमच।** अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सेवा के लिए समर्पित संस्था इनरव्हील क्लब की शाखा नीमच द्वारा वर्तमान अध्यक्ष सिम्मी सलूजा के निवास स्थान पर वार्षिक बैठक का आयोजन पीडीसी, सीसीसी, चेयरमैन संगीता जोशी की अध्यक्षता में किया गया जिसमें आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पूर्व अध्यक्ष डॉ. माधुरी चौरसिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं ओलीवर गोल्डी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष सिम्मी सलूजा ने दिया। इनरव्हील प्रार्थना का वाचन सचिव अल्का श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर नीमच सिटी के श्रीराम भक्त प्रभात फेरी मंडल में नियमित अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाली 15 महिलाओं एवं 10 पुरूषों को क्लब पूर्व अध्यक्ष तृप्ति दुआ एवं मधु दुआ की ओर से 25 बरसाती भेंट किये गये।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष सरोज गांधी, अमरजीत छाबड़ा, संगीता गोयल, शारदा तौर, सीमा अरोरा, कुसुम कदम, शशि सोडानी, शोभा तोतला सहित बड़ी संख्या में सदस्याऐं एवं श्रीराम भक्त, प्रभात फेरी मंडल के सदस्य गण मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष हेमांगिनी त्रिवेदी ने किया आभार एडीटर नेहा गुप्ता ने माना।

एक नजर ▸ कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक संपन्न

## कुपोषण मुक्त नीमच के लिए समन्वित प्रयास करें तेज : कलेक्टर

**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन, विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन तथा कुपोषण उन्मूलन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के सभी पात्र बच्चों का शत-प्रतिशत पंजीयन, नियमित टीकाकरण, स्वास्थ्य परीक्षण तथा समय पर पोषण आहार वितरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। कलेक्टर श्री चंद्रा ने कुपोषण की रोकथाम को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए निर्देश दिए कि गंभीर कुपोषित (एसएएम) बच्चों को समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से इस माह लगभग 1000 न्यूट्री बास्केट वितरित किए जाएं। जिन बच्चों को चिकित्सकीय देखभाल की आवश्यकता हो, उन्हें तत्काल पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती कराया जाए। उन्होंने विभागीय योजनाओं के शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सभी पात्र हितग्राहियों की आधार एवं अपार आईडी तैयार करने तथा प्रत्येक सेक्टर स्तर पर विशेष आधार शिविर आयोजित करने की कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर ने स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को नियमित रूप से वीएचएसएनडी दिवसों का निरीक्षण कर सेवाओं की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।




उन्होंने सभी सीडीपीओ एवं सुपरवाइजरों से कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) गतिविधियां नियमित रूप से संचालित हों तथा इसकी सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए।